भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2831

जिसका उत्तर 12.08.2026 को दिया जाना है

हरियाणा में राष्ट्रीय राजमार्ग

2831 # श्री संजय भाटिया:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले पाँच वर्षों के दौरान हरियाणा राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई में कितनी वृद्धि हुई है और इसका जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का हरियाणा में राष्ट्रीय राजमार्गों के चार/छह-लेन में स्तरोन्नयन, ग्रीनफील्ड कॉरिडोर, रिंग रोड और बाईपास परियोजनाओं के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क का विस्तार करने का कोई विचार है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार ने हरियाणा में बढ़ते औद्योगिक, कृषि तथा माल परिवहन यातायात को देखते हुए राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों के कुल मार्ग घनत्व और वहन क्षमता को बढ़ाने के लिए कोई दीर्घकालिक कार्ययोजना तैयार की है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) अप्रैल 2021 से हरियाणा राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) नेटवर्क की लंबाई 3,237 किमी से बढ़कर 3,342 किमी हो गई है। हरियाणा राज्य में नए घोषित/विस्तारित/पुनर्निर्मित राष्ट्रीय राजमार्गों का जिलावार विवरण इस प्रकार है:

क्रम संख्या	**एनएच संख्या**	**वे जिले जिनसे होकर एनएच गुजर रहा है**	**टिप्पणी**
1	152जी	कुरुक्षेत्र	नया एनएच
2	344 जीएम	करनाल, यमुनानगर और अंबाला	नया एनएच
3	148एनए	फरीदाबाद और पलवल	राष्ट्रीय राजमार्ग का विस्तार
4	703	सिरसा	राष्ट्रीय राजमार्ग का विस्तार
5	352ए	जिंद और सोनीपत	पुनर्संरेखित
6	एनई5	झज्जर	विस्तार

राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास और रखरखाव एक सतत प्रक्रिया है। राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास/उन्नयन कई कारकों, जैसे कि उस मार्ग पर वर्तमान यातायात, आवश्यक भूमि की उपलब्धता, उपलब्ध वैकल्पिक मार्ग, भौगोलिक स्थिति और प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) के साथ तालमेल के आधार पर किया जाता है।

हरियाणा राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों के चार/छह लेन बनाने, ग्रीनफील्ड कॉरिडोर, रिंग रोड और बाईपास की चल रही परियोजनाओं के विवरण अनुलग्नक-I में दिए गए हैं।

सरकार को समय-समय पर विभिन्न राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटीएस) से राज्यीय सड़कों, जिनमें राज्यीय राजमार्ग (एसएचएस) भी शामिल हैं, को नए राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएचएस) के रूप में घोषित करने/उन्नत करने के प्रस्ताव प्राप्त होते रहते हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों की घोषणा के व्यापक सिद्धांतों, कनेक्टिविटी की आवश्यकता, यातायात घनत्व और प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) के साथ तालमेल के आधार पर समय-समय पर राज्यीय सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में अधिसूचित करने के निर्णय लिए जाते हैं।

अनुलग्नक-I

हरियाणा में राष्ट्रीय राजमार्ग के संबंध में श्री संजय भाटिया द्वारा दिनांक 12.08.2026 को पूछे गए राज्यसभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 2831 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

हरियाणा राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों के चार/छह लेन के विस्तार, ग्रीनफील्ड कॉरिडोर, रिंग रोड और बाईपास से संबंधित 10 चल रही परियोजनाओं का विवरण:

क्र. सं.	परियोजना का नाम	कुल लंबाई (किमी)	लेन विन्यास	कुल परियोजना लागत (टीपीसी) रुपये (करोड़ में)	नियत तिथि	निर्धारित समापन तिथि	संशोधित समापन लक्ष्य
1	शामली-अंबाला (भाग -2) (एनएच 344जीएम)	38.9	6 लेन	1554.21	15.05.2023	17.05.2025	28.02.2027
2	शामली-अंबाला (भाग -3) (एनएच 344 जीएम)	37.386	6 लेन	1491.71	03.05.2023	02.05.2025	13.12.2026
3	जलबेहड़ा-शाहबाद (साहाबाद-थोल) एनएच-152जी का किमी 0.0 से किमी 22.85 तक	22.85	4 लेन	927.22	20.12.2022	31-05-2025	31-08-2026
4	करनाल रिंग रोड (एचएम)	34.5	6 लेन	1691.45	31.08.2023	30.08.2025	31.10.2026
5	अंबाला रिंग रोड (जीएफ)	22.524	6 लेन	1088.64	11.10.2023	10.10.2025	13.09.2026
6	एनएच 152 का इस्माइलाबाद-अंबाला खंड	42.5	4 लेन	609.32	07.12.2023	06.12.2025	30.05.2027
7	जगाधरी - ताजेवाला एनएच-344 के किमी 0.175 से किमी 32.337 तक	32.512	4 लेन	1269.5	07.02.2023	06.02.2025	31.03.2027
8	डीएनडी-फरीदाबाद-बल्लभगढ़ बाईपास केएमपी लिंक से जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक ग्रीनफील्ड कनेक्टिविटी का निर्माण - दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे के लिए स्पूर	31.425 (हरियाणा में - 22.3, उत्तर प्रदेश में - 9.125)	6 लेन	2414.67	22.06.2023	21.06.2025	16.04.2027
9	एनएच-352डब्ल्यू के किमी. 0.00 से किमी. 43.87 तक गुड़गांव - पटौदी - रेवाड़ी मार्ग पर 4/6लेन का यातायात मार्ग	46.11	4 लेन और 6 लेन	1867.29	24.11.2021	23.11.2023	30.09.2026
10	भिवानी - हांसी एनएच-148बी	42.93	4 लेन	1322.13	17.12.2023	16.12.2025	31.08.2026

****